**Ans. (d) –** ''बीबी जरीना का मकबरा'' राजस्थान के धौलपुर में स्थित है। इस मकबरे का निर्माण मुगल बादशाह आजम शाह ने सत्रहवीं शताब्दी में अपनी माँ, दिलरास बानों बेगम की याद में करवाया था। यह मकबरा ताज महल की आकृति पर बनवाया गया है।

**1078. कौन सा कूट सुमेलित नहीं है-**

| मस्जिद/दरगाह | स्थान |
|---|---|
| (a) इकमीनार मस्जिद | जोधपुर |
| (b) ऊखा मस्जिद | बयाना |
| (c) पीर दुल्लेशाह की दरगाह | जालौर |
| (d) नलियासर मस्जिद | सांभर |

**JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016**

**Ans. (c) –** दिए गए प्रश्न का सही सुमेलन निम्न प्रकार है-

| मस्जिद/दरगाह | | स्थान |
|---|---|---|
| इकमीनार | - | जोधपुर |
| ऊखा मस्जिद | - | बयाना |
| पीर दूल्हेशाह की दरगाह | - | पाली |
| नलियासर मस्जिद | - | सांभर |

**1079. सूफी संत मीठे साहब की दरगाह स्थित है-**

(a) गागरोन (b) भरतपुर
(c) भैंसरोड़गढ़ (d) भटनेर

**JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016**

**Ans. (a) –** सूफी संत मीठे साहब की दरगाह गागरोन किले में स्थित है। गागरोन किला राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित है। गागरोन किले को 2013 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

**1080. 'चल फिर शाह की दरगाह' राजस्थान में कहाँ स्थित है-**

(a) चित्तौड़गढ़ (b) अजमेर
(c) नागौर (d) जयपुर

**JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016**

**Ans. (a) –** 'चल फिर शाह की दरगाह' राजस्थान राज्य के चितौड़गढ़ में स्थित है। यह हजरत काजी चल फिर शाह की एक प्रसिद्ध दरगाह है। उन्होंने मानव जाति के लिए प्रेम और मानवता का प्रसार किया।
अजमेर शरीफ दरगाह सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की कब्र पर निर्मित दरगाह है। यह राजस्थान के अजमेर में स्थित है।

**1081. निम्नलिखित में से कौन सी (बावड़ी-स्थान) सुमेलित है?**

(a) चाँद बावड़ी-आभानेरी
(b) त्रिमुखी बावड़ी-चुरू
(c) नौलखा बावड़ी-जयपुर
(d) झालीबाब बावड़ी-सीकर

**कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022**

**Ans. (a) :** बावड़ियों का सुमेलन इस प्रकार हैं-

| बावड़ी | स्थान/जिले |
|---|---|
| (a) चाँद बावड़ी | आभानेरी (दौसा) |
| (b) त्रिमुखी बावड़ी | उदयपुर |
| (c) नौलखा बावड़ी | डूँगरपुर |
| (d) झालीबाब बावड़ी | राजसमंद |

**1082. डूंगरपुर स्थित नौलखा बावड़ी किसने बनवाई?**

(a) रानी पद्मिनी (b) रानी प्रीमल देवी
(c) रानी चम्पा देवी (d) रानी दुर्गा देवी

**ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य परीक्षा)-09.07.2022**
**RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II**

**Ans. (b) :** डूंगरपुर स्थित नौलखा बावड़ी का निर्माण महारावल आसकरण की पत्नी प्रीमल देवी ने करवाया था। इसका वास्तुकार लीलाधर था। इसका निर्माण कार्य अत्यधिक महंगा होने के कारण इसे नौलखा बावड़ी कहते हैं। राजस्थान में बावड़ियों का शहर बूंदी को कहा जाता है।

**1083. राजस्थान के इनमें से किस शहर को 'बावड़ियों का शहर' कहते हैं?**

(a) जालौर (b) दौसा
(c) बूँदी (d) जैसलमेर

**Head Cleark Combined Exam-2018**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**1084. काका जी की बावड़ी राजस्थान में कहाँ स्थित है?**

(a) उदयपुर (b) सीकर
(c) दौसा (d) बूंदी

**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**

**Ans. (c) :** काकाजी की बावड़ी राजस्थान के दौसा जिले के बाँदीकुई तहसील के आभानेरी नामक ग्राम में स्थित है। यह बावड़ी 100 फीट गहरी है।

**1085. ''हाडी रानी की बावड़ी'' ............ में स्थित है।**

(a) टोडारायसिंह (b) मालपुरा
(c) उनियारा (d) पिपलु

**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018**
**Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** 'हाड़ी रानी की बावड़ी' राजस्थान के टोंक जिले के टोडारायसिंह कस्बे में स्थित है। माना जाता है कि इसका निर्माण 12वीं शताब्दी ई. में किया गया था। यह बावड़ी आयताकार है।

**1086. चांद बावड़ी कहाँ स्थित है?**

(a) आमेर (b) सीकर
(c) आभानेरी (d) तिलवाड़ा

**48 LA2018_Question Paper Code-48**
**लैब सहायक (गृह विज्ञान)-30/06/2022**
**प्रयोगशाला सहायक-03/02/2018**
**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23/12/2019**
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख) -2019**

**Ans. (c) :** चांद बावड़ी आभानेरी (दौसा) में स्थित है। चाँद बावड़ी का निर्माण राजा चाँद ने कराया था। यह 'तिलिस्मी बावड़ी है, जहाँ। अंधेरी उजाला, नामक छोटा कमरा बना हुआ है। बांदीकुई के निकट प्रदेश की सर्वाधिक भव्य एवं कलात्मक बावड़ी है।

**1087. गलत युग्म चुनिए-**

(a) रानी जी की बावड़ी -बूंदी
(b) हर्षनाथ की बावड़ी - सीकर
(c) चाँद बावड़ी - दौसा
(d) मंदाकिनी बावड़ी -अजमेर

**Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022**

**Ans. (d) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | रानीजी की बावड़ी | - | बूँदी |
| (ii) | हर्षनाथ की बावड़ी | - | सीकर |
| (iii) | चाँद बावड़ी | - | दौसा |
| (iv) | मंदाकिनी बावड़ी | - | भीलवाड़ा |